Title: Regarding compensation to farmers for the damaged crops due to strong cold wave and hail strom in some districts of Bihar.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : अध्यक्ष जी, व्यापक फसल बीमा योजना के अभाव में हमारे किसान हर प्राकृतिक आपदा के भीाण संकट के शिकार हो रहे हैं। अभी हाल ही में बिहार में ओलावृटि तथा लगातार बाढ़, सुखाड़ और दूसरे राज्यों में लगातार ओलावृटि के कारण किसान भारी तबाही के शिकार हुये हैं। इन सब के चलते सारी फसलें- मकई, गेहूं, सब्जी, तिलहन, दलहन और उसके साथ जो आम की फसल है, उसकी भारी तबाही हुई है। दर्जनों लोग मारे गये हैं, हजारों घर बर्बाद हुये हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से अपील करता हूं कि वे राट्रीय आपदा कोा से इन किसानों को मदद पहुंचायें और तत्काल व्यापक फसल बीमा योजना लागू करायें।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी बात का समर्थन करता हूं। बिहार में प्राकृतिक आपदा से किसानों की भारी तबाही हुई है। ओला पड़ा है, ठंड पड़ी है, इससे सारी फसलें मारी गई हैं। इसलिये वहां व्यापक कृाि बीमा योजना लागू होनी चाहिये। भारत सरकार को वहां एक टीम भेजनी चाहिये जो जांच-पड़ताल करे ताकि किसानों को राहत मिल सके।

श्री कीर्ति झा आज़ाद (दरभंगा) : अध्यक्ष महोदय, बिहार में रक्षक ही भक्षक बने हुये हैं। सरकार की अव्यवस्था के कारणâ€¦ (व्यवधान)

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (KHAMMAM): The Chief Minister, Andhra Pradesh came here and took rice in exchange of 'food for work'. The State Government has not come forward to give crop insurance to the farmers of Andhra Pradesh despite the Centre saying that *Mandal* as a unit has also been taken into consideration. ...(*Interruptions*)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : अध्यक्ष महोदय, इनको बैठाइये।

अध्यक्ष महोदय : मैं उन्हें बैठाने की कोशिश कर रहा हूं।